# हिन्दी

**(दूर्वा) (पाठ 6) (बृजमोहन गुप्त - सागर यात्रा)**
**(कक्षा 8)**

**प्रश्न 1:**

पाठ से

**(क)**

सागर यात्रा में नौका को सँभालने के लिए हर समय एक व्यक्ति की जरूरत थी। क्यों?

**(क)**

सागर यात्रा में एक अन्य व्यक्ति की जरूरत इसलिए होती है जिससे कि वह चक्के को संभाल सके और व्हेल मछली और द्वीपों का ध्यान रख सके।

**(ख)**

वे लोग समुद्र की यात्रा कर रहे थे। समुद्र यात्रा में भी उन्हें पानी की समस्या क्यों हुई?

**(ख)**

समुद्र का पानी खारा होने के कारण पीने और नहाने के काम नहीं आ सकता इसलिए लोगों को पानी की समस्या हुई।

**प्रश्न 2:**

खतरे

हम सब इस अभियान के खतरों को जानते थे। समुद्री यात्रा में उन यात्रियों को कौन-कौन से खतरों और परेशानियों का सामना करना पड़ा था?

**उत्तर 2:**

समुद्री अभियान में सबसे ज्यादा परेशानी पानी तथा व्हेल मछलियों की थी। एक बार जहाज के तूफान में दूर चले जाने से उनको लगने लगा कि उनकी नौका भी किनारे से टकराकर टूट जाएगी सारे रक्षा उपकरण खो जाने और पंद्रह दिन तक रेडियों संपर्क टूट जाने से सभी को ऐसा लगने लगा था कि तृष्णा लापता हो गई है। लेकिन फिर भी सभी लोग अपनी मंजिल को पाने में सफल हो गए।

**प्रश्न 3:**

माँ के काम

"एक सदस्य माँ की भूमिका निभाता"

**(i)** नौका पर 'माँ' की भूमिका निभाने वाला व्यक्ति कौन-कौन से काम करता था?

**(ii)** तुम्हारे विचार से उन कामों को माँ के कामों की उपमा क्यों दी गई होगी?

**(iii)** क्या तुमने कभी किसी के लिए 'माँ की भूमिका' निभाई है? यदि हाँ, तो बताओ

    **(क)** तब तुमने कौन-कौन से काम किए थे?

    **(ख)** वे काम क्यों और किसलिए किए थे?

**(iv)** तुम्हारी माँ या घर का अन्य कोई सदस्य सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक कौन-कौन से काम करता है? सूची बनाओ।

**उत्तर 3:**

**(i)** नौका पर 'माँ' की भूमिका निभाने वाला व्यक्ति सबके लिए खाना बनाने का काम करता था।

**(ii)** मेरे विचार से उन कामों को माँ के कामों की उपमा इसलिए दी गई क्योंकि घर यह कार्य माँ ही करती है।

**(iii)** और **(iv)** का उत्तर छात्र अपनी जानकारी के अनुसार दें।

**प्रश्न 4:**

पानी की परेशानी

सागर के यात्रियों को पानी के कारण बहुत परेशानी होती थी। बताओ-

**(क)** उन्हें पानी के कारण क्या-क्या परेशानियाँ हुई?

**(ख)** क्या तुम्हारे आसपास भी पानी की समस्या होती है, उसके बारे में बताओ।

**(ग)** उस समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है?

**उत्तर 4:**

**(क)** यात्रियों को पानी के कारण बहुत सारी परेशानियाँ हुई जैसे: नींद न आने की समस्या, उल्टियाँ होना, ज्वार होना आदि।

**(ख)** हमारे आसपास भी पानी की समस्या बरसात के मौसम में होती जब जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है।

**(ग)** उस समस्या का समाधान नगरपालिका के लोग नालियों को खोलकर करते हैं।

**प्रश्न 5:**

अपनी-अपनी यात्रा

तुमने अभी दस भारतीय यात्रियों की एक अनूठी यात्र की कहानी पढ़ी, तुम भी अपनी या किसी अन्य व्यक्ति की एक यात्र के बारे में बताओ। तुम चाहो तो ये बातें बता सकते हो-

(क) वह यात्र कहाँ की थी? कितने दिनों की थी? यात्र कैसे की?

(ख) उसमें कौन-कौन सी समस्याएँ आईं?

(ग) उन समस्याओं को कैसे दूर किया गया?

(घ) उस यात्र में किन-किन लोगों से मिले?

(ङ) कौन-कौन सी चीजें, पेड़-पौधे आदि पहली बार देखे?

**उत्तर 5:**

छात्र अपनी या अपने किसी जानने वाले के यात्रा वृत्तांत को लिख सकते हैं।

**प्रश्न 6:**

विशेष जगहों के नाम

‘बंदरगाह’ समुद्र के किनारे की वह जगह होती है जहाँ पानी के जहाज नौकाएँ आदि ठहरते हैं। पता लगाओ इन जगहों पर क्या होता है -

**(क)**

अस्तबल

**(क)**

अस्तबल में घोड़े रहते हैं

**(ख)**

हवाई-अड्डा

**(ख)**

हवाई अड्डे पर हवाई जहाज आते जाते रहते हैं।

**(ग)**
पोस्ट-ऑफिस
**(ग)**
पोस्ट-ऑफिस से पत्रों का आदान प्रदान होता है।

**(घ)**
अस्पताल
**(घ)**
अस्पताल में रोगियों का इलाज किया जाता है।

**(ङ)**
न्यायालय
**(ङ)**
न्यायालय में मुकदमों की सुनवाई और उन पर फैसले किए जाते हैं।

**(च)**
बाजार
**(च)**
बाजार से सामान की खरीद फरोख्त की जाती है।

**प्रश्न 7:**
गणतंत्र दिवस
'तृष्णा' को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल किया गया था। आपस में चर्चा करके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर खोजो-
**(क)** गणतंत्र दिवस किसे कहते हैं? यह किस दिन मनाया जाता है?
**(ख)** गणतंत्र दिवस के दिन क्या-क्या कार्यक्रम होते हैं?
**(ग)** दूरदर्शन या आकाशवाणी पर गणतंत्र दिवस परेड देखकर/सुनकर उसके बारे में कुछ पंक्तियाँ लिखो।
**उत्तर 7:**
**(क)** गणतंत्र दिवस के दिन देश संविधान लागू हुआ था, यह 26 जनवरी को मनाया जाता है।
**(ख)** गणतंत्र दिवस के दिन राजपथ पर परेड एवं विभिन्न प्रदेशों की झांकियाँ निकलती है।
**(ग)** इस प्रश्न का उत्तर छात्र स्वयं लिखे।

## 8. खेल

"इस कठिन दिनचर्या के कारण शतरंज खेलने के लिए समय ही नहीं मिलता था।"

यदि उन नाविकों के पास समय होता तो वे नौका पर कौन-कौन से खेल खेल सकते थे? सूची बनाओ-

(क) शतरंज

(ख) ...........

(ग) ...........

(घ) ...........

**उत्तर** छात्र अपनी रचनात्मकता का प्रयोग करते हुए स्वरचित कविता लिख सकते हैं।

## 9. खुशी का घंटा

'दिन में एक बार हम नौका पर 'खुशी का घंटा' बिताते'

यदि तुम्हें स्कूल में 'खुशी का घंटा' बिताने का मौका मिले, तो तुम उस एक घंटे में कौन-कौन से काम करना चाहोगे?

**उत्तर** छात्र अपनी रचनात्मकता का प्रयोग करते हुए स्वरचित कविता लिख सकते हैं।

## 10. हिम्मतवाले

"हम सब इस अभिमान के खतरों को जानते थे, हमें यह भी ज्ञात था कि शायद हम कभी वापस न लौट सकें।"

वे दस नाविक इतनी खतरनाक यात्रा के लिए क्यों निकले होंगे? आपस में चर्चा करो।

**उत्तर** छात्र अपनी रचनात्मकता का प्रयोग करते हुए स्वरचित कविता लिख सकते हैं।

## 11. खोए हुए मोज़े की कहानी

तेज़ हवाओं के कारण कभी-कभी उन नाविकों के कपड़े उड़/खो जाते थे।

मान लो, ऐसा ही एक मोज़ा तुम्हें अपनी कहानी सुनाना चाहता है। वह क्या-क्या बातें बताएगा, कल्पना से उसकी कहानी पूरी करो-

मैं एक मोज़ा हूँ। वैसे तो मैं हमेशा अपने भाई के साथ रहता हूँ।

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

**उत्तर** छात्र अपनी रचनात्मकता का प्रयोग करते हुए स्वरचित कविता लिख सकते हैं।

12. छोटे-छोटे

"जो लोग चौकसी से हटते, वे अपने कपड़े बदलते, खाना खाते, पढ़ते, रेडियो सुनते और अपनी ड्यूटी के अन्य कार्य जैसे रेडियो की जाँच, इंजन की जाँच तथा व्यंजन सूची के अनुसार भोजन बनाने के लिए राशन देने का काम निबटाते।"

इस वाक्य को कई छोटे-छोटे वाक्यों के रूप में भी लिखा जा सकता है जैसे-

जो लोग चौकसी से हटते, वे अपने कपड़े बदलते। वे खाना खाते, पढ़ते और रेडियो सुनते। वे अपनी ड्यूटी के अन्य कार्य करते जैसे रेडियो की जाँच और इंजन की जाँच। वे व्यंजन सूची के अनुसार भोजन बनाने के लिए राशन देने का काम निबटाते।

तुम इसी प्रकार नीचे लिखे वाक्य को छोट-छोटे वाक्यों में बदलो-

प्रथम भारतीय नौका अभियान दल विश्व की परिक्रमा करके 54,000 किलोमीटर की दूरी मापकर 470 दिन की ऐतिहासिक यात्रा के बाद 10 जनवरी, 1987 को 6.00 बजे मुंबई बंदरगाह पहुँचा।

**उत्तर** छात्र अपनी रचनात्मकता का प्रयोग करते हुए स्वरचित कविता लिख सकते हैं।

**प्रश्न 13:**

सही उपसर्ग लगाओ-

अ, सु

ऊपर बॉक्स में दिए गए उपसर्ग लगाकर सार्थक शब्द बनाओ।

**(क)**

सफल

**(क)**

अ + सफल = असफल

(ख)
स्वागत
(ख)
सु + स्वागत = सुस्वागत

(ग)
विश्वास
(ग)
अ + विश्वास = अविश्वास

(घ)
कन्या
(घ)
सु +कन्या = सुकन्या

(ङ)
पुत्र
(ङ)
सु = सुपुत्र

**प्रश्न 14:**
सही वाक्य
में, ने, को, का, के लिए, से, पर
तालिका में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों में भरो।
(क)
सीमा ............... फल खाए।
(क)
ने

(ख)
रोहित ............... पेन नया है।
(ख)
का

(ग)
माँ-बच्चों ............... मिठाई लाई।
(ग)
के लिए

**(घ)**
हमने रस्सी .............. कपड़े सुखाए।
**(घ)**
पर

**(ङ)**
मैंने बैग .............. किताबें रखीं।
**(ङ)**
में

**(च)**
पौधे .............. गमलों में रखो।
**(च)**
को

**(छ)**
केरल जम्मू .............. बहुत दूर है।
**(छ)**
से